www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापकः बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : गुरुवार, 6 नवम्बर 2025
अंक- 13 मूल्य दो रुपये पृष्ठ- 8

# चिंगारी

'बॉर्डर 2' से वरुण धवन फर्स्ट लुक हुआ रिलीज़






गंगा में आस्था एवं विश्वास की डुबकी लगाते श्रद्धालु।


मिट्टी के बर्तन खरीदते श्रद्धालु।


मेले में खरीदारी करते महिला एवं पुरुष श्रद्धालु।

# गंगा में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**नांगल सोती (चिंगारी)। कल कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पतित पावनी गंगा मैया के स्थानीय घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था, विश्वास एवं श्रद्धा की डुबकी लगाई। गंगा के रेतीले तट पर विशाल मेला भी लगा, जिसमें श्रद्धालुओं ने खूब चांट-पकौड़ी खाई व जमकर खरीदारी की। इस दौरान उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहे। आज गुदड़ी मेला लगा हुआ है, जिसका समापन शाम को होगा।**

कार्तिक पूर्णिमा पर नांगल में लगने वाला गंगा स्नान मेला ऐतिहासिक तथा यूपी का प्रथम मेला है। इस बार बालावाली में गंगा के किनारे मेला लगने की जगह नहीं थी, इसलिये वहां मेले के आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अंततः वहां मेला तो लगा, मगर पूर्व के वर्षों की तुलना में छोटा। उस मेले में जाने वाले काफी श्रद्धालु भी इस बार नांगल आये, जिसके चलते यहां जबरदस्त भीड़ रही। पूर्णिमा की पूर्व रात्रि में काफी श्रद्धालुओं ने गंगा के किनारे पहुंचकर रेत के विशाल मैदान पर अपने तम्बू गाड़ लिये थे। रात में उन्होंने वहीं पर खाना

## मेले में रही भारी भीड़, गुदड़ी मेले में गंगा पार के लोग भी आये

बनाकर खाया। निर्जन पड़ा रहने वाला स्थान कृत्रिम प्रकाश से चमक रहा था। पूर्णिमा पर तड़के 3-4 बजे से श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था एवं विश्वास की डुबकी लगानी शुरू कर दी थी। अनुमानित 45 हजार श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने गंगा मैया को नमन किया, प्रसाद चढ़ाया और उनसे परिवार में सुख-समृद्धि के वास की कामना की। श्रद्धालुओं ने बच्चों के मुंडन संस्कार कराये और पुत्रों के विवाह होने के उपलक्ष्य में मंगल गीत गाते हुए कुंडारे लगाये। अपने तंबुओं में, वाहनों पर आकर खिचड़ी खाई।

मेला संयोजक / संरक्षक ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह भी कई घंटे तक मेलास्थल पर मौजूद रहकर कानून व्यवस्था की जानकारी लेते रहे। गंगा के तट पर विशाल मेला लगा हुआ था। श्रद्धालुओं ने मेला भ्रमण कर चांट, पकौड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, केले आदि खाये तथा जमकर खरीदारी की। मीना बाजार में महिला खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने सौन्दर्य प्रसाधन और घरों में दैनिक उपयोग का सामान खरीदा। नकली गहने भी खूब बिके। बच्चों ने जहां खूब खिलौने खरीदे, वहीं झूलों पर भी जी-भरकर मौज-मस्ती की। राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल के भरत स्काउट दल, स्वास्थ्य विभाग, मेला समिति, पुलिस प्रशासन, फायर ब्रिगेड, भाकियू (टिकैत), भाकियू (अराजनैतिक), एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन, ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली आदि के कैम्प लगे हुए थे। भरत स्काउट दल के बच्चों ने प्रभारी संजय कुमार सिंह तथा सतेन्द्र यादव के नेतृत्व में खोये बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया और व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। गौतम कुमार, सत्यपाल राजपूत, शिवकुमार कश्यप, वीरेन्द्र शर्मा, अर्पण चौधरी, प्रशांत चौधरी, नीटू सिंह, गार्विन चौधरी, सिंधुराज चौधरी आदि मौजूद रहे। आज उसी स्थान पर गुदड़ी मेला लगा हुआ है। आज सुबह भी हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया और मेले में खरीदारी की। आज स्थानीय मेले में गंगा पार के व्यक्ति भी आये। आज शाम को मेले का समापन होगा।

## युवक की हुई खूब धुनाई

*मेले में कल अपराह्न दो-ढाई बजे एक मनचले की जमकर धुनाई हुई। महिलायें, युवतियां जब मेला भ्रमण कर रही थीं, तो एक युवक ने किसी युवती के साथ छेड़खानी कर दी। पहले महिलाओं और युवकों ने मनचले की जमकर धुनाई की, बाद में पुलिस ने भी उसकी ठुकाई की और अपनी गाड़ी में बैठा लिया।*

## दलदल में फंस गये कई ट्रैक्टर

*नांगल सोती (चिंगारी)। गंगा के किनारे तथा कुछ दूर दलदल में कई ट्रैक्टर फंस गये। मंगलवार की रात्रि एक ट्रैक्टर गंगा के किनारे दलदल में बुरी तरह से फंस गया। दूसरे ट्रैक्टर की मदद से उसे बाहर निकलने का प्रयास असफल रहा। बाद में उसे जेसीबी मशीन की मदद से बाहर निकाला जा सका, मगर निकालते हुए वह टूट गया। कुछ ट्रैक्टर गंगा से दूर मौजूद दलदल में भी फंसे हुए थे। उन्हें दूसरे ट्रैक्टरों की मदद से निकाला गया। प्रशासन द्वारा मेले में भिजवाया गया पानी का एक टैंकर भी दलदल में बुरी तरफ फंस जाने पर जेसीबी मशीन से बाहर निकाला गया।*


गंगा के किनारे दलदल में फंसा ट्रैक्टर।

## मिट्टी के बर्तनों की हुई खूब बिक्री

**मेले में दोनों दिन मिट्टी के बर्तनों की खूब बिक्री हुई। भले ही आज के दौर में स्टील, प्लास्टिक और अन्य धातुओं के बर्तनों का प्रयोग ज्यादा होता है, मगर फिर भी ग्रामीण अंचलों में मिट्टी के बर्तनों के काफी कद्रदान हैं। महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने साग बनाने के लिये हंडिया, दही जमाने के लिये कुंडे, प्याले आदि मिट्टी के बर्तन खरीदे, तो बच्चों ने गुल्लक खरीदीं। उल्लेखनीय है मिट्टी की हंडिया में बने साग और दाल का स्वाद किसी भी धातु के बने बर्तन से कहीं ज्यादा होता है। हुक्के की चिलम भी खूब बिकीं। गांवों में हुक्के के शौकीन अभी भी काफी हैं। अच्छी बिक्री होने से कुम्हारों के चेहरों पर रौनक दिखाई दी।**

# सड़क की साइड खोदने से राहगीर परेशान



**नहटौर (चिंगारी)।** नहटौर-धामपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिये सड़क की एक साइड खोदी जा रही है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की साइड की खुदाई से नगर में जाम की स्थिति बनी हुई है। वाहन भी रेंगते हुए चल रहे हैं। नहटौर से धामपुर को जाने वाली करीब 13 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिये सड़क को दोनों साइडों में करीब 5-5 फीट चौड़ा किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत धामपुर से लेकर नहटौर तक सड़क की एक साइड की खुदाई की गई है। नगर में पालिका द्वारा लगाई गई इंटरलॉकिंग को भी हटाया गया है, जिससे सड़क को चौड़ा किया जा सके। सड़क किनारे गड्ढे होने से राहगीरों, वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और जाम की स्थिति बनी हुई है। नहटौर में हल्दौर चौराहे से लेकर गंगन के पुल तक वाहनों को रेंग-रेंग कर चलना पड़ रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि पहले एक ओर की साइट को पूरा कर लिया जाए उसके बाद ही दूसरी साइड की खुदाई की जाए, जिससे राहगीरों को परेशानी न हो।

## दो बाइकों की टक्कर में चार किशोर घायल

**नहटौर (चिंगारी)।** शादीपुर रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में चार किशोर घायल हो गये। घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रैफर किया गया है। बुधवार की देर शाम ग्राम गिलाड़ी निवासी विशाल (17 वर्ष) पुत्र भगत सिंह व कार्तिक (15 वर्ष) पुत्र नरोत्तम सिंह नरगदी चौराहे पर स्थित चक्की से आटा लेने के लिए गए थे। उनकी बाइक नहटौर से अपने घर लौट रहे नवादा चौहान निवासी प्रतीक (15 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र व प्रिंस (15 वर्ष) पुत्र मेघराज की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों किशोर बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। सभी की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। परिजन बेहतर उपचार के लिए उन्हें अलग-अलग निजी अस्पतालों में ले गए।

# सूदखोरी से परेशान युवक द्वारा आत्महत्या के मामले में दो पर केस दर्ज, लेखपाल गिरफ्तार

**नगीना/बिजनौर (चिंगारी)। सूदखोरों से परेशान होकर 30 अक्टूबर को ट्रेन के आगे कूदकर जान देने वाले राहुल सैनी के मामले में पुलिस ने एक लेखपाल सहित दो लोगों व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी लेखपाल को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।**


नगीना में पुलिस की गिरफ्त में आरोपी लेखपाल।

नगर के मोहल्ला लालसराय निवासी मीनाक्षी सैनी ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को तहरीर दी थी, जिसके आधार पर नगीना पुलिस ने कप्तान के आदेश पर नजीबाबाद तहसील में तैनात व नगीना निवासी लेखपाल विरेंद्र सैनी, मोहल्ला लालसराय निवासी प्रहलाद कुमार कुशवाहा व उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। दोनों नामजदों पर सूदखोरी का सिंडीकेट चलाने का आरोप लगाया था। आरोप लगाया गया कि सूदखोरी के जाल में फंसाकर उसके पति से आरोपियों द्वारा अपने मिलने वालों के नाम जमीन के बैनामे करा लिए थे। अब तक इस मामले में 18 बैनामे की बात सामने आ चुकी है। आरोप था कि इनके दबाव के चलते ही 30 अक्तूबर को राहुल सैनी ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को आरोपी लेखपाल विरेंद्र सैनी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं बैनामा कराने वाले सभी लोगों को पुलिस थाने बुलाकर पूछताछ करने की तैयारी में है। उधर प्रहलाद कुशवाह ने पुलिस को अपने सभी साक्ष्य उपलब्ध करा दिये हैं। प्रहलाद कुशवाह का कहना है कि उन्हें राजनीति के तहत फसाया गया है। उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

# भाईचारे व सौहार्द का संदेश देते हैं मेले - मौ. गाजी

## खो नदी के तट पर लगा गंगा स्नान मेला

**शेरकोट (चिंगारी)।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री लक्ष्मण गंगा स्नान मेला कमेटी द्वारा नगर में खो नदी के तट पर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र से पहुंचे हजारों



श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। विगत वर्षों की भांति टेम्पो स्टेंड के निकट स्थित सिंचाई विभाग की नर्सरी में लगाए गए मेले का उद्घाटन पूर्व विधायक मौ. गाज़ी व सभासद राधे सैनी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मौ. गाज़ी ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति के धरोहर हैं, ये हमें आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। मेले में चांट-पकौड़ी, बिसातखाने, खेल खिलौनों, मिट्टी के बर्तन आदि की काफी दुकानें लगाई गईं। बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले लगाए गए। नगर व ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया और बच्चों का मुंडन संस्कार भी किया। सुरक्षा की दृष्टि से सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार, मोहित चौधरी, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, अंकुर कुमार आदि मौजूद रहे। मेले में चेयरपर्सन शबनम नाज़ द्वारा सफाई और पेयजल की व्यवस्था कराई गई।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र जहीर अहमद व उसकी पत्नी अफरोजा जो बंटवारे के लिये मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**- अब्दुल कय्यूम पुत्र सादुल्ला, निवासी मौहल्ला नई सराय, कस्बा व थाना धामपुर, जिला बिजनौर।**

## श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर मां गंगा से आशीर्वाद लिया

**चांदपुर (चिंगारी)।** कार्तिक पूर्णिमा पर नारनौर घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा अर्चना कर मां गंगा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विशाल मेला भी लगा। इसी के साथ लोग अपने घरों को वापस लौट गये। पिछले कई दिनों से श्रद्धालु नारनौर घाट पर पहुंचने लगे थे। बुधवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। गंगा स्नान के मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। शाम के समय गंगा आरती की गई, जिसमें उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया, मेला समिति के प्रबंधक निरीश कुमार गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, अध्यक्ष अजय कौशिक, संरक्षक चौ. कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में समिति से जुड़े लोग मौजूद रहे। समिति की ओर से गंगा स्नान के लिए अपनी ओर से मोटर बोट की भी व्यवस्था की गई थी। मालूम हो कि समिति से जुड़े लोग पिछले कई दिनों से नारनौर घाट पर लगने वाले मेले की तैयारी करने में लगे हुए थे। मेला कुशलतापूर्वक सम्पन्न हो जाने पर प्रशासन के साथ-साथ समिति के पदाधिकारियों ने भी राहत की सास ली।



# रामगंगा में भी श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



भूतपुरी में रामगंगा घाट पर मौजूद श्रद्धालु।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** कार्तिक पूर्णिमा पर क्षेत्र के कई अलग-अलग स्थानों पर रामगंगा किनारे गंगा स्नान मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने अपने घर-परिवार की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। क्षेत्र स्थित रामगंगा घाट कालागढ़, भूतपुरी व हरेवली बैराज पर इस मौके पर अनेक श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए और मेले में लगे मीना बाजार, चांट-पकौड़े के ठेले, खेल-खिलौने व मिट्टी के बर्तन आदि की दुकानों से महिलाओं एवं बच्चों ने जमकर खरीदारी भी की। मेला स्थल तक अन्य माध्यमों के साथ-साथ अपने निजी वाहनों से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालु देर शाम तक मेलों में जमे रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की उपस्थिति से क्षेत्र में लगे गंगा स्नान के मेले शांतिपूर्ण संपन्न हुए।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुए गंगा स्नान मेले

# बहुत टेस्टी होता है हिरण का मीट, गाइड का यह जुमला सुनकर सन्न रह गये पर्यटक

## जिम कार्बेट में सफारी के दौरान विदेशी पर्यटकों के सामने धूमिल हुई भारत की छवि


Post

Saket Badola @Saket_Badola

Trust my words, Corbett is one of the best and safest destination to watch wildlife.
Also, one person's behaviour should not spoil the image of all the nature guides, who are from the local communities, working hard and giving their best to earn a living. He certainly is not a representative of the lot.

USDesiMom @USDesiMom · 1d
Replying to @Saket_Badola
Been a dream to visit Corbett, but get disheartened by lack of concern for safety in general in India when it comes to adventure travel. Kudos to you for leading by example and hope things are brought to internation...

Last edited 6:40 AM · 04 Nov 25

एक्स पर डायरेक्टर साकेत बडोला का बयान।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** जिन्हें वन्यजीवों का रक्षक होना चाहिए, वे ही जीवों के भक्षक बनने की बातें करें तो यह न केवल शर्मनाक, बल्कि वन विभाग की संवेदनशीलता पर भी गहरा सवाल खड़ा करता है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से ऐसी ही एक घटना सामने आई है, जिसने वाइल्डलाइफ संरक्षण की भावना को झकझोर कर रख दिया है।

सूत्रों के अनुसार एक गाइड पर आरोप है कि उसने सफारी के दौरान खुलेआम कहा कि हिरण का मीट बहुत टेस्टी होता है। यह वाक्य सुनकर पर्यटक सन्न रह गए। विडंबना यह है कि यह बयान उस व्यक्ति का है, जिसे जंगल और उसके जीवों की रक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस घटना ने वन विभाग के अधिकारियों, पर्यटकों और वाइल्डलाइफ प्रेमियों में रोष की लहर पैदा कर दी है। बताया जाता है कि कुछ भारतीय और विदेशी पर्यटक सफारी के लिए जिम कॉर्बेट पार्क पहुंचे थे, लेकिन वहां तैनात गाइड का व्यवहार अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना रहा। पर्यटक रतन ढिल्लो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस घटना का खुलासा करते हुए लिखा कि मिलिए जिम कॉर्बेट के गाइड से। इनके पास जंगल की जानकारी नहीं बल्कि तंबाकू था। ये जंगल में कचरा और प्लास्टिक फेंक रहे थे। रोकने पर बोले कि हिरण का मीट बहुत टेस्टी होता है। इनकी हरकत ने हमें शर्मिंदा कर दिया।


आरोपी नेचर गाइड।

ढिल्लो के अनुसार गाइड ने सफारी के दौरान पार्क के इतिहास, वन्यजीवों या संरक्षण संबंधी कोई जानकारी नहीं दी। उल्टा वह सफारी के बीच में ही सो गया और विदेशी पर्यटकों के सामने भारत की छवि धूमिल कर दी। इस मामले में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर साकेत बड़ोला ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आई शिकायत का संज्ञान ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी बात पर यकीन कीजिए, कॉर्बेट वन्यजीवों को देखने के लिए सबसे बेहतरीन और सुरक्षित जगहों में से एक है। और हां, एक व्यक्ति के व्यवहार से उन सभी नेचर गाइड्स की छवि खराब नहीं होनी चाहिए, जो स्थानीय समुदायों से हैं और अपनी जीविका चलाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। वह निश्चित रूप से उन सभी गाइड्स का प्रतिनिधि नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यवहार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित गाइड की एंट्री तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दी गई है। आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक व्यक्ति की गलती से सभी गाइडों को शक की नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क देश ही नहीं, एशिया के सबसे सुरक्षित वन्यजीव अभयारण्यों में से एक है, जहां संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्ष 1936 में स्थापित यह एशिया का पहला नेशनल पार्क है। जहां बाघ, हाथी, तेंदुए, हिरण और सैकड़ों दुर्लभ प्रजातियां प्राकृतिक रूप से निवास करती हैं।


Post

Rattan Dhillon @ShivrattanDhil1

Meet our guide for the day at Jim Corbett National Park and unfortunately, this is what he had to offer: tobacco.

We even had to stop him from littering by throwing the packet on the ground. After taking a long one-hour nap during the safari, he woke up only to say, "Deer meat tastes good." Not a single word about the park, wildlife, or conservation just that.

It was honestly embarrassing to see this, especially with guests from France and other countries sitting in the gypsy, eager to learn about India's rich wildlife.

Instead, they were being offered tobacco. This is exactly where we fail when those who represent our natural heritage show zero respect or knowledge about it.

एक्स पर रतन ढिल्लो द्वारा साझा की गई पोस्ट।

# भरैरा में धारदार हथियार से की सगे चाचा की हत्या





**बिजनौर ( चिंगारी )। समीपवर्ती ग्राम भरैरा में आज दिन निकलते ही रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करते हुए एक व्यक्ति ने जमीनी विवाद को लेकर अपने सगे चाचा की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।**

ग्राम भरैरा निवासी नरेश (65 वर्ष) अपने सगे भतीजे विनीत से पैतृक जमीन के बटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण विनीत अपने चाचा नरेश से रंजिश रखता था। आज सुबह करीब 7 बजे नरेश खेतों पर टहलने गया था कि वहां पहले से घात लगाये बैठे विनीत ने धारदार हथियार 'कसली' से चाचा नरेश की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिये। आरोप है कि घटनास्थल पर विनीत की पत्नी नूतन, मां मिथलेश व विनीत का एक साला भी मौजूद था। उक्त लोगों ने भी नरेश पर वार करने में विनीत की मदद की। गंभीर रूप से घायल हुए नरेश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां नरेश की मृत्यु हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक नरेश के छोटे भाई सतेन्द्र ने पुलिस में विनीत, उसकी पत्नी नूतन, मां मिथलेश व विनीत के साले के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है।

## बलात्कार के आरोप में भी जेल जा चुका है विनीत

**मृतक नरेश के भाई सतेन्द्र का कहना था कि सगे चाचा की हत्या करने वाला उसका भतीजा विनीत अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। वह एक दलित महिला से बलात्कार के आरोप में पहले भी जेल जा चका है। नरेश व विनीत के बीच चल रहे विवाद में कई बार समझौते की बात हुई, लेकिन विनीत किसी भी बात पर राजी नहीं होता था। उसके दिमाग में हर समय खुराफात चलती रहती थी।**

# स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत

## 10 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल

**किरतपुर ( चिंगारी )।** बुधवार को चचेरे साले के लग्न से लौट रहे सफाई कर्मचारी व उसकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनका 10 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

भरत विहार कालोनी बिजनौर निवासी गौरव (32 वर्ष) अपनी पत्नी अंजू (30 वर्ष) व दस वर्षीय पुत्र आदित्य के साथ किरतपुर क्षेत्र के गांव मोचीपुरा में अपने चचेरे साले के लग्न में गया था। वह कल शाम बाइक से वहां से लौट रहा था। जैसे ही गौरव ने बाइक संपर्क मार्ग से हाईवे पर चढ़ायी, वैसे ही किरतपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंजू ने अस्पताल पहुंचकर दम तोड़ दिया। दम्पति का पुत्र आदित्य गंभीर रूप से घायल है। उसे किरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. ईश्वर आनंद ने बताया कि आदित्य का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने दम्पति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अंजू की बड़ी बहन संजू के अनुसार गौरव जिला अस्पताल बिजनौर में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करता था। गौरव की 11 वर्षीय पुत्री गुनगुन माता-पिता के साथ नहीं गई थी। गौरव ने हेलमेट पहन रखा था। थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने बताया कि स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।



मृतक फाइल फोटो गौरव अंजू किरतपुर

# हेज़लमून स्कूल में गुरु नानक जयंती पर्व मनाया श्रद्धापूर्वक

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में गुरु नानक जयंती का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रात:काल विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा श्रद्धाभाव से मंत्र जाप किया।

इस पावन अवसर पर विद्यालय की बाल वाटिका में प्रभातफेरी का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर आधारित नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया। इसके पश्चात प्रस्तुत किए गए शबद कीर्तन ने सभी का मन मोह लिया।





विद्यालय की निदेशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने गुरु नानक देव जी की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने हमें सच्चाई, समानता और सेवा का मार्ग दिखाया है। हमें उनके बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने संदेश में कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें एकता, करुणा और मानवता का महत्व सिखाती हैं। विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यह आयोजन वास्तव में आध्यात्मिक एकता, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक रहा।

# अपैक्स हॉस्पिटल में महिला के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण हुआ

**खासपुरा ( चिंगारी )।** अपैक्स हॉस्पिटल, नूरपुर में मंगलवार को एक महिला के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया गया। आयुष्मान कार्ड से महिला का इलाज किया गया। नौगांवा सादात क्षेत्र की 40 वर्षीय सर्वेश कुमारी ने बताया कि वह घर पर गिर गई थी, जिससे उसके कूल्हे की हड्डी टूट गई। वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गई थी, फिर महिला ने अपैक्स हॉस्पिटल में डा. अतुल यादव हड्डी विशेषज्ञ से अपनी समस्या बताई। उनकी सलाह से आयुष्मान कार्ड के तहत कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया गया। डा.अतुल यादव ने बताया कि मरीज का आपरेशन सफल रहा। यह नगर नूरपुर में पहला कूल्हा प्रत्यारोपण हुआ है। वह बहुत जल्द ठीक होकर चलने-फिरने में सक्षम हो जाएगी।


DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


# सड़क हादसे में पति की मौत के बाद पत्नी ने भी दम तोड़ा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बाइक व ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर में मौके पर ही हुई पति की मौत के 4 दिन बाद पत्नी ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम भिक्कावाला तिराहा निवासी 40 वर्षीय गुरदीप सिंह 6 दिन पूर्व 31 अक्टूबर को उत्तराखंड स्थित ससुराल से अपनी सास के अखंड पाठ/आरिष्टी से बाइक द्वारा पत्नी सरबजीत कौर व 5 वर्षीय पुत्र सुखदेव सिंह सहित वापस लौट रहा था कि थाना रेहड़ क्षेत्र में फोरलेन हाईवे पर पीली नदी के पुल के पास उसी दिशा में आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक की भीषण टक्कर में गुरदीप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उसकी पत्नी 35 वर्षीय सरबजीत कौर को गंभीरावस्था में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। इस हादसे में सरबजीत कौर की गोद में बैठा उसका 5 वर्षीय पुत्र सुखदेव सिंह सकुशल बच गया था। इस बाबत मृतक गुरदीप सिंह के भाई गुरमीत सिंह की ओर से दी गई तहरीर पर थाना रेहड़ पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। उपचार के दौरान मौत और जिंदगी के बीच जूझते हुए सरबजीत कौर ने भी मंगलवार की देर शाम दम तोड़ दिया। मृतका का काशीपुर में पोस्टमार्टम कराया गया। बुधवार को उसका शव जैसे ही घर पहुंचा परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दम्पति के दो पुत्रियां 8 वर्षीय निर्मल कौर व 7 वर्षीय सिमरन कौर एवं एक पुत्र 5 वर्षीय सुखदेव सिंह है, जिनके सिर से बचपन में ही मां-बाप का साया छिन गया।



मृतका सरबजीत कौर का फाइल फोटो।




फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
*नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335


# डिग्री कॉलेज में हुई चोरी का खुलासा



## चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**शेरकोट ( चिंगारी )।** लगभग दो माह पूर्व ग्राम भनोटी मार्ग पर स्थित महामाया राजकीय डिग्री कॉलेज के कक्ष के ताले तोड़कर चोर कई सामान चुराकर ले गए थे और चोरों ने कालेज परिसर में जमकर तोड़फोड़ करते हुए सीसीटीवी कैमरे व अन्य सामान तोड़ दिया था। इस मामले में गत नौ सितम्बर को प्राचार्य मुकेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद से ही पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोमवार शाम पुलिस ने खौ बैराज के निकट रोड किनारे कहीं जाने की फिराक में खड़े अमरजीत पुत्र जयपाल सिंह निवासी मुहल्ला नौधना व अवनीश पुत्र राधेश्याम निवासी मुहल्ला खुराड़ा शेरकोट को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पकड़े गए दोनों युवकों ने कालेज में चोरी की घटना को अंजाम देना क़बूल कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से कालेज से चोरी हुआ एक लैपटॉप, कीबोर्ड, एक प्रोजेक्टर, एक टीएफटी, माउस, एक बायोमेट्रिक डिवाइस आदि चोरी हुआ सामान बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि दोनों अभियुक्तों को मंगलवार को चालान कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज भेज दिया है।

# घर की सफाई कर रही महिला को सांप ने काटा

**नहटौर ( चिंगारी )।** साफ़ सफाई कर रही महिला को सांप ने काट लिया। जिसे उपचार के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं दरबारपुर निवासी जय सिंह के घर में रखी लकड़ियों के नीचे सांप दिखाई दिया। घर में सांप होने की सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सर्पमित्र बी.भास्कर ने बताया कि पकड़ा गया सांप रसेल वाइपर प्रजाति का है। यह भारत के सबसे घातक और जहरीले सांपों में से एक है। यह सांप फुर्तीला और आक्रामक होता है। इसका जहर हेमोटोक्सिक होता है। इसके काटने पर नसों में खून के थक्के बनने लगते हैं। समय पर और सही इलाज न मिलने पर पीड़ित की मौत हो सकती है। वहीं गांव मुस्सेपुर निवासी बबीता देवी (45 वर्ष) पत्नी राजदेव मंगलवार को घर में साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि सर्पदंश का उपचार केवल एंटी स्नेक वेनम ही है। उन्होंने लोगों से झाडफूंक के फेर में न आकर सर्पदंश के मरीज को सीधे सरकारी अस्पताल में लाने की अपील की।

# केन कैरियर में गन्ना डालकर हुआ बरकातपुर के गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

## प्रथम बैलगाड़ी का बैलों का पूजन किया, तौल क्लर्कों को भी सम्मानित किया



केन कैरियर में गन्ना डालते नरपत सिंह राठौर एवं अन्य



पहली बुग्गी के बैल को तिलक लगाते नरपत सिंह

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर एवं अन्य मिल अधिकारियों तथा प्रगतिशील कृषकों ने केन कैरियर में गन्ना डालकर किया।

सर्वप्रथम पं. राजेन्द्र प्रसाद एवं पं. कपिल प्रसाद द्वारा केन यार्ड में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन कराया गया। तदोपरांत प्रथम बैलगाड़ी से गन्ना लेकर आये कृषक सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम सबलपुर बींतरा, प्रथम ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर आये कृषक महीपाल सिंह निवासी ग्राम कबूलपुर तथा गन्ना क्रय केन्द्र सराय आलम से गन्ना लाये ट्रैक्टर-ट्रॉले के चालक श्रीराम को तिलक लगाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा मिष्ठान आदि देकर सम्मानित किया गया। प्रथम बैलगाड़ी के बैलों का भी पूजन किया गया तथा तीनों कांटों के तौल क्लर्कों को भी सम्मानित किया गया। उसके बाद सभी मिल अधिकारियों एवं प्रगतिशील कृषकों ने केन कैरियर (चेन) में गन्ना डालकर नवीन गन्ना पेराई सत्र का श्रीगणेश किया।

इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने कहा कि मिल प्रबंधन कृषकों के हितों के संरक्षण हेतु सदैव संवेदनशील तथा प्रयासरत है। वर्तमान पेराई सत्र में क्रय किये जाने वाले गन्ने का भुगतान ससमय करने हेतु प्रबंधन पूर्णतः प्रयासरत रहेगा। मिल में आये सभी कृषकों का धन्यवाद करते हुए उन्होने कृषकों से मिल को ताजा, साफ-सुथरा तथा जड़-पत्ती एवं अगौला रहित गन्ना आपूर्ति करने की अपील की। कृषकों से यह अनुरोध भी किया कि अपना गन्ना कोल्हू, क्रेशर पर बेचकर आर्थिक हानि न उठायें तथा समस्त गन्ना मिल पर आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बनायें। उन्होंने कृषकों को आगाह किया कि क्षेत्र में लाल सड़न रोग बहुत तेजी से फैल रहा है। इसलिये किसान भाई नई प्रजातियों सीओ -15023 तथा सीओ-0118 की बुवाई अधिक से अधिक रकबे में करें। बीज बदलाव हेतु आवश्यक बीज की मात्रा मिल स्टाफ को नोट करा दें। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया।

जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह, गन्ना समिति बिजनौर के सचिव सुभाष राम, एससीडीआई बरकातपुर संदीप चौधरी, हेड ऑफिस से महाप्रबंधक (वित्त) आशीष बंसल, आसवनी के उपाध्यक्ष जे.पी. त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (अभियंता) अतेन्द्र कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप सिंह, महाप्रबंधक (विद्युत) अनिल शर्मा, उपमहाप्रबंधक (उत्पादन) अतुल चौहान, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक रविन्द्रपाल मलिक, सहायक महाप्रबंधक (लेखा) अखिलेश गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक (एचआर) अर्जुन कौशिक, गन्ना प्रबंधक अजय कुमार, शशांक पांडे, नीरज पंवार, डा. यशवीर सिंह, विनित शर्मा सहित समस्त मिल अधिकारी तथा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, गन्ना समिति नजीबाबाद के चेयरमैन ब्रजकुमार, जितेन्द्र चेयरमैन, रालोद के प्रदेश महासचिव चौ. ब्रजवीर सिंह, नीटू सिंह, कुलवीर सिंह, रालोद नेता वीरपाल चौधरी, सुधीर चौधरी, शिवकुमार राजपूत, युधिष्ठिर अहलावत, दुष्यन्त राजपूत, महेन्द्र राजपूत, रामकुमार राजपूत, अर्जुन राजपूत, मुकेश राजपूत, यशपाल राजपूत सहित सैकड़ों कृषक मौजूद रहे।

**भली लगे या बुरी...**

# ए आई : चुनौती और अवसर

आज का युग तकनीकी नवाचारों का युग है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई ) इस परिवर्तन का केंद्र बिंदु बन चुकी है। ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा से लेकर वित्त, शिक्षा, परिवहन और मनोरंजन तक एआई ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन इस तकनीकी क्रांति के साथ एक गंभीर चुनौती भी उभर कर सामने आई है, रोजगार का नुकसान। जैसे-जैसे मशीनें मानव द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने कब्जे में ले रहे हैं, लाखों कर्मचारी खुद को बेरोजगार और नई आर्थिक परिस्थितियों में अनुकूलन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। फिर भी, यह चुनौती एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। एआई ने उद्योगों को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी और सटीकता के साथ कार्य करने में सक्षम बनाया है। स्वास्थ्य सेवा में एआई-संचालित उपकरण रोगों का शीघ्र निदान कर रहे हैं और व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में स्वचालित मशीनें और रोबोट उत्पादन प्रक्रियाओं को तेज और लागत प्रभावी बना रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में एआई धोखाधड़ी का पता लगाने और निवेश रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है। यहां तक कि रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन, कला और संगीत में भी एआई नये रास्ते खोल रहा है। ये प्रगतियां न केवल उत्पादकता बढ़ा रही हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और अनुभव भी प्रदान कर रही हैं। हालांकि, इन फायदों के साथ एक कड़वी सच्चाई भी जुड़ी है। एआई और स्वचालन ने कई पारंपरिक नौकरियों को अप्रचलित कर दिया है। डेटा प्रविष्टि, विनिर्माण, ग्राहक सेवा और यहां तक कि कुछ विश्लेषणात्मक कार्य अब मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, अगले कुछ दशकों में विश्व स्तर पर लाखों नौकरियां स्वचालन के कारण खत्म हो सकती हैं। भारत जैसे देश, जहां बड़ी आबादी कार्यबल में शामिल है, में यह चुनौती और भी गंभीर है। निम्न-कौशल और मध्यम-कौशल वाली नौकरियां सबसे अधिक जोखिम में हैं। ड्राइवर, फैक्ट्री वर्कर और कॉल सेंटर कर्मचारी जैसे पेशे तेजी से मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे हैं। एआई के कारण होने वाला रोजगार नुकसान आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक-मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है।

# सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ


▶▶डा. सुधाकर आशावादी

देश में राष्ट्र के प्रति समर्पित संगठन के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। इतिहास साक्षी है कि राष्ट्र पर आने वाली किसी भी विपदा में संघ के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर समस्या के समाधान हेतु स्वयं को समर्पित किया है। जहां तक संघ की विचारधारा का प्रश्न है, संघ में जातीय संकीर्णता लेशमात्र भी नहीं है। सामाजिक समरसता उसकी कार्यशैली में स्पष्ट दिखाई देती है, जहां संघ से सम्बंधित कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार का जातीय भेद नजर नहीं आता। बहरहाल कुछ राजनीतिक तत्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं। वे ऐसा क्यों कर रहे हैं, यह बखूबी समझा जा सकता है। देश में जाति और धर्म के नाम विघटनकारी तत्वों की मंशा संघ कार्यकर्ताओं के कारण पूरी नहीं हो पा रही है, तो अवश्य ही ऐसी शक्तियां राष्ट्र के प्रति समर्पित संघ का विरोध करने पर उतारू हैं। कहना गलत न होगा कि एक समय सत्ता सुख भोग चुके अनेक वंशवादी नेता और परिवार अस्तित्व संकट से जूझ रहे हैं। जनविकास के मुद्दे उनके पास नहीं हैं। ऐसे में जातीय संकीर्णता, क्षेत्रवाद और धर्म आधारित विघटनकारी एजेंडा देश भर में चलाना उनकी मज़बूरी है, सो कभी वह पिछड़ा कार्ड खेलते हैं, कभी दलित कार्ड। कभी जाति आधारित आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर ऐसे तत्व राष्ट्र के विकास को अवरुद्ध करने का प्रयास करते हैं तथा जातीय जनगणना की बात करके अपना जातीय वोट बैंक बनाने की क़वायद करते हैं। ऐसे तत्व यह समझते हैं कि आम आदमी को जातीय कार्ड खेलकर वैचारिक बंधुआ बनाया जा सकता है और जाति कार्ड खेलकर उनका मत एवं समर्थन प्राप्त



किया जा सकता है। वे यह भूल जाते हैं, कि कोई भी जाति कभी भी किसी व्यक्ति या विचार की बंधुआ नहीं हो सकती। यदि जातियां पूरी तरह से बंधुआ होतीं, तो सभी राजनीतिक दलों में सभी जातियों के प्रतिनिधि न होते। जातीय गणना के सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने स्पष्ट किया है कि संघ जाति आधारित जनगणना के विरुद्ध नहीं है, लेकिन जनगणना राजनीतिक रूप से प्रेरित नहीं होनी चाहिए। जातीय जनगणना का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों की पहचान करके उनकी प्रगति करना होना चाहिए। मेरा मानना है कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में जातीय अलगाव बाधक है। जाति आधारित व्यवस्था राजनीतिक दलों की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति में सहायक तो हो सकती है, लेकिन इतिहास साक्षी है कि राष्ट्र के विकास में यह अवरोधक ही है। विश्व में शायद ही ऐसा कोई देश हो, जहां जाति आधारित व्यवस्था हो। ऐसे में सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया की भावना से विश्व के कल्याण की कामना करने वाले देश में जाति जनगणना यदि जरूरी हो, तभी कराई जाए, लेकिन उसका उद्देश्य पिछड़ों व साधन हीन व्यक्तियों का उत्थान करना हो, न कि राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति हेतु विघटनकारी तत्वों के मंसूबों को पूरा करना।

# आइये, वृक्ष लगायें, पर्यावरण संतुलन बनायें!



आजकल जिधर देखो उधर ही प्रदूषण नज़र आता है। चाहे वह जल प्रदूषण हो, वायु प्रदूषण हो अथवा ध्वनि प्रदूषण हो। प्रकृति ने समस्त जीवों में एक मात्र मनुष्य को ही ऐसा बनाया है, जो समस्त कार्य करने में सक्षम है। लेकिन वही मनुष्य आज पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति उदासीन है, जबकि उसका कर्तव्य है कि वह पर्यावरण सन्तुलित बनाये रखने में अपना पूर्ण सहयोग दे। पर्यावरण की शुद्धता, हवा, पानी जैसे बुनियादी तत्व समस्त जीवों के प्राणों के आधार हैं। इन सबके प्रति सजग रहकर ही मनुष्य अपने कर्तव्य का पालन करेगा। हालांकि पर्यावरण का संतुलन बनाये रखना काफी कठिन कार्य है, लेकिन यह असंभव बिल्कुल नहीं है। मनुष्य में लगन हो, कार्य करने की इच्छा शक्ति हो तो उसके लिए कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है। इसका सबसे सरल उपाय है अधिक से अधिक वृक्ष लगाना। यह सभी जानते हैं कि वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं, जिससे हमें जीवन मिलता है। यदि हमें यह न मिले, तो हम जीवित नहीं रह सकते। लेकिन आज हम देख रहे हैं कि नई कालोनियां बनाने तथा उद्योग लगाने के लिए वन के वन काटे जा रहे हैं। अफसोस इस बात का है कि इस उद्देश्य के लिए जितने वृक्ष काटे जा रहे हैं, उतने लगाये नहीं जा रहे। उल्लेखनीय है कि मनुष्य जिन मिथ्या विचारों और असीमित इच्छाओं के सागर में गोते लगा रहा है, उन्हीं के प्रभाववश वह पंच महाभूत जल, वायु, ताप, पृथ्वी और आकाश की स्थिति डांवाडोल होती जा रही है। बढ़ती विकृतियां नित नई बिमारियों को जन्म दे रही हैं। मौसम में भी असमय परिवर्तन इसी का कारण है और इसी वजह से बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मनुष्य त्रस्त रहता है। आज समस्त जीवों की औसतन आयु भी घटती जा रही है। यदि इन सब स्थितियों को देखकर मनुष्य अब भी नहीं चेता तो भविष्य में उसे काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए आवश्यक है कि हम ऐसी स्थिति से बचने के लिए पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपना पूरा सहयोग दें। तो आइये, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लें।



▶▶हरिओम विश्नोई
गुरुद्वारा रोड, नई बस्ती, बिजनौर

# गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर जनपद से निकाला जाये

## सांसद रुचि वीरा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लोकसभा क्षेत्र मुरादाबाद की सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने गंगा एक्सप्रेस-वे को जनपद बिजनौर से निकाले जाने पर जोर दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखित पत्र में कहा है कि यदि गंगा एक्सप्रेस-वे जनपद बिजनौर से निकाला जाता है तो इससे न केवल बिजनौर के किसानों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों को अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को भी गति मिलेगी।

कुंवरानी रुचि वीरा ने कहा कि उन्हें पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से जानकारी मिल रही है कि प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे अब जनपद बिजनौर से न होकर अन्य जनपद से निकाला जा रहा है। इससे बिजनौर क्षेत्र की जनता में भ्रम एवं नकारात्मकता की स्थिति बनी हुई है। रुचि वीरा का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में प्रारम्भ की गयी गंगा एक्सप्रेस-वे प्रदेश की विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना प्रदेश के पश्चिमी भागों को राजधानी लखनऊ से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम साबित होगी। परंतु वर्तमान प्रस्तावित मार्ग जनपद बिजनौर को इस एक्सप्रेस-वे से वंचित कर रहा है, जबकि बिजनौर जनपद का भौगोलिक, औद्योगिक एवं कृषि दृष्टि से अत्यंत महत्पूर्ण स्थान है। कुंवरानी रुचि वीरा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे गंगा एक्सप्रेस-वे के मार्ग को पुन: परिभाषित करते हुए इसे जनपद बिजनौर से होकर निकाले जाने के आवश्यक दिशा निर्देश दें। रुचि वीरा ने पत्र में कहा है कि यदि गंगा एक्सप्रेस-वे बिजनौर से होकर निकला तो मुख्यमंत्री का यह निर्णय जनपद के लाखों नागरिकों की दीर्घाकालिक मांग को पूर्ण करेगा और जनपद की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।



# निर्धारित से अधिक धनराशि वसूल कर आधार कार्ड बनाने वालों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाये : डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने निर्देश दिये कि आधार कार्ड बनाने वाले जिन केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूल की जा रही है, उनकी जांच कर उस पर अंकुश लगाने के लिए संचालकों से शासन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए और पुनरावृत्ति होने पर केंद्र का लाइसेंस निरस्त करते हुए संचालक के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी मंगलवार को महात्मा विदुर सभागार, कलक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं।

उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारी आधार नामांकन लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि माह नवम्बर से आधार नामाकंन/अपडेशन की दरों में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने निर्देश दिये कि आधार कार्ड बनाने वाले बैंक/पोस्ट ऑफिस एवं सीएससी सेन्टर नई दरों को प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को कोई दुविधा न होने पाए। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि निर्धारित चार्ज से अधिक धनराशि वसूल करने वाले संचालकों के विरुद्ध प्रतिबंध लगाने के लिए कड़ाई से अनुपालन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि विशेष केस वाले व्यक्तियों (यथा विकंलाग) को आधार आवेदन/अपडेशन के लिए अलग से लाइन बनाकर आवेदन कराएं जायें। उन्होंने आधार से संबंधित सभी विभागीय अधिकारयों को निर्देश दिये कि अपनी आधार किट को जल्द से जल्द क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें तथा इस प्रक्रिया को ससमय अवश्य पूरा कर लें, जिससे जिले के शत-प्रतिशत लोगों को आधार सुविधा उपलब्ध हो सके।

# आरबीडी महाविद्यालय ने जीती बॉलीवॉल प्रतियोगिता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीरा चैरिटेबल सोसायटी धर्मनगरी बिजनौर के तत्वावधान में डीडीपीएस स्कूल में आयोजित वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता में फाइनल मैच आरबीडी कॉलेज बिजनौर एवं वीरा डिग्री कॉलेज बिजनौर के मध्य खेला गया, जिसमें आरबीडी महाविद्यालय की टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कांटे की टक्कर देते हुए 2-1 से विजेता ट्राफी अपने नाम की। दोनों टीमों के बीच काफी रोमांचक मैच हुआ। मुख्य अतिथि, वीरा चैरिटेबल की सदस्य स्वाति वीरा ने टीम को बधाई दी एवं पुरस्कृत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रोफेसर पारूल त्यागी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आरबीडी महाविद्यालय की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। टीम मैनेजर प्रो. मंजु एवं टीम कोच डॉ. सीमा चौधरी ने खिलाड़ियों का मैच के दौरान निर्देशित एवं उत्साहवर्धन किया और ट्रेनर कल्पना का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय की वॉलीबॉल की टीम ज्योति, आकांक्षा, स्नेहा, विनीता, प्रीति, साक्षी, मनीषा, पायल, लवली, विकांसा सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

# 10 नवम्बर को महिला जनसुनवाई करेंगी अवनी सिंह

**बिजनौर( चिंगारी )।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवनी सिंह, सदस्य, उ.प. राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा विकास खण्ड नूरपुर में महिला जनसुनवाई एवं आंगनबाड़ी कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा पीड़ित/पीड़िता की सुगमता के दृष्टिगत विकास खण्ड सभागार में 10 नवंबर को 11 बजे पूर्वान्ह से महिला जनसुनवाई की जानी प्रस्तावित है। तत्पश्चात उनके द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम राहुनंगली में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# गुरुद्वारे में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा प्रकाश पर्व

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व यहां गुरुद्वारे में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रात:काल से ही गुरुद्वारे में मधुर शबद-कीर्तन की गूंज वातावरण को आध्यात्मिक बना रही है। बड़ी संख्या में गुरुद्वारे में पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष नतमस्तक हुए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रसपाल सिंह जी ने गुरु नानक देव जी के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी ने मानवता, समानता और प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने गुरु गोविंद साहिब का पाठ कर संगत को नतमस्तक किया, जिसके उपरांत सामूहिक अरदास की गई। गौरतलब है कि गुरु नानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु थे। उनका जन्म सन् 1469 में लाहौर के समीप राय भोई की तलवंडी (अब ननकाना साहिब) में हुआ था। प्रतिवर्ष उनकी जयंती कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूरे विश्व में बड़े श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाई जाती है।


गुरु नानक देव जी की जयंती पर सजा गुरुद्वारा।

# बॉडी बिल्डिंग में मयंक ने अफजलगढ़ का नाम रोशन किया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी मयंक जोशी ने अमरोहा में आयोजित सीनियर बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के 60 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रुद्रपुर के प्रसिद्ध प्रशिक्षक मोहित चोपड़ा के मार्गदर्शन में मयंक ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल कर अफजलगढ़ का नाम रोशन किया। मयंक की इस सफलता पर नगरवासियों ने गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


ट्रॉफी के साथ मयंक।

## मुजफ्फरनगर में राणा परिवार पर फिर शिकंजा

# पूर्व विधायक शाहनवाज राणा का बेटा अब्दुल अहद गिरफ़्तार

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** पुलिस ने पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के बेटे अब्दुल अहद को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जीएसटी चोरी से जुड़े एक पुराने मामले और जेल के अंदर मोबाइल फोन पहुंचाने के आरोप में की गई है। दरअसल, वर्ष 2024 में सेंट्रल जीएसटी टीम ने पूर्व सांसद कादिर राणा की फैक्ट्री पर छापा मारा था। इस दौरान टीम पर हमला किया गया था, जिसके बाद पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, पूर्व सांसद की दो बेटियों और उनके भतीजे समेत कई लोगों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में


अब्दुल अहद पुलिस हिरासत में

मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने मौके से शाहनवाज राणा और अन्य को गिरफ्तार किया था। बाद में सभी को जमानत मिल गई थी, लेकिन शाहनवाज राणा जीएसटी चोरी के एक अन्य मुकदमे में जेल में बंद रहे। 25 मार्च को मुजफ्फरनगर जेल में बंद शाहनवाज राणा के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ था। जांच में सामने आया कि यह मोबाइल उनके बेटे अब्दुल अहद ने ही जेल के अंदर पहुंचाया था। इस मामले में नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। सुरक्षा कारणों से शाहनवाज राणा को बाद में चित्रकूट जेल स्थानांतरित कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में शाहनवाज राणा, उनके बेटों शाहआज़म राणा, कामराना राणा, रिश्तेदार जिया अब्बास जैदी और तौसीफ के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि जीएसटी चोरी और जेल में मोबाइल मिलने के मामलों में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। गौरतलब है कि शाहनवाज राणा नौ महीने जेल में रहने के बाद हाल ही में जमानत पर रिहा हुए थे। अब उनके बेटे अब्दुल अहद की गिरफ्तारी के बाद यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। पुलिस ने कहा है कि जीएसटी चोरी और सरकारी कार्य में बाधा डालने से जुड़े इस गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## वालिया ग्लोबल एकेडमी में हर्षोल्लास से मनाई गुरुनानक जयन्ती

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** वालिया ग्लोबल एकेडमी में गुरुनानक जयन्ती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसके तहत एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के मैनेजर रमाकान्त वालिया तथा प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने संयुक्त रूप से गुरुनानक देव के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। कक्षा पांच के छात्र जयंत राठी व मान्या ने गुरुनानक देव के जीवन पर अपने विचार प्रस्तुत किये। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा अंगद, बलजीत, अतिक्ष, अस्मित, रिहान ने पंच प्यारे के परिधान में गुरूनानक देव के दिखाये गये मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम व भाईचारा बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर कक्षा चार के छात्र-छात्राएं कोआर्डिनेडर चंचल चावला, अध्यापिका, मोनिका, प्रीति यादव व सोनिका के साथ गुरुद्वारा गये। जहां उन्हें गुरुनानक देव का स्मृति चिन्ह भेंट कर बच्चों को प्रसाद वितरित किया। प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने बच्चों को बताया कि यह पर्व हमें, समानता प्रेम, सेवा व सत्यमार्ग पर चलने का संदेश देता है। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठा व छात्र श्रेष्ठ ने किया।


## सूचना

मेरा छोटा पुत्र मौ. मुबश्शिर हसन मेरे कहने-सुनने में नहीं है। उसकी गलत आदतों के कारण मैंने व मेरे बड़े पुत्र मुदस्सिर नज़र व उसकी पत्नी असमा परवीन ने उससे संबंध विच्छेद कर दिये है तथा मैने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेने के लिए मैं, मेरा बड़ा पुत्र मुदस्सिर नज़र उसकी पत्नी असमा परवीन व परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।

**ज़रीना बेगम पत्नी स्व. श्री गुलाम मुस्तफा निवासी मौहल्ला भवन, नजीबाबाद जिला बिजनौर ( उ.प्र. )**


## शिविर में 167 मरीजों की जांच कर दवा वितरित की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चावरा सेवा समाज नजीबाबाद कार्यालय में संस्था निदेशक फादर सीरियक थॉमस के नेतृत्व में कैम्प का आयोजन किया गया। सेंट मैरी हॉस्पिटल से आये डॉ. जोस पड़ियाटी, डॉ. शाकिर खान, डॉ. सूरज, डॉ. एन बानो, सिस्टर आँटों, सिस्टर सोमेरी व फादर थॉमस ने कैंप का शुभारम्भ किया। डॉ. जोस पढ़ियाटी व डॉ. शाकिर नें शिविर मे आए मरीजों को स्वच्छ पानी पीने व अपने आसपास की साफ सफाई संबंधी एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए महत्वपूर्ण बाते बतायी। शिविर में आये सभी अतिथियों का हरेंद्र कुमार द्वारा स्वागत किया गया। डॉक्टर्स की टीम द्वारा जनरल मरीज, स्त्री रोग, बाल रोग एवं आँखों के कुल 167 मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा दी गयी। कैम्प को सफल बनाने के लिए संस्था निदेशक फादर सीरियक ने सभी का धन्यवाद किया। कैम्प में अनीता देवी, कल्पना देवी, शानू, करुणा, पलक, सुमित, संस्था के उप महानिदेशक फादर अज्जो का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## शिक्षकों से 11 दिसम्बर को दिल्ली धरने में चलने की अपील

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा में कार्यरत सभी प्राथमिक तथा जूनियर विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा में बने रहने व पदोन्नति के लिए टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ आगामी 11 दिसम्बर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना देगा। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में इसकी तैयारियों के निर्देश दिये गये। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय/राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रांतीय कार्यसमिति की ऑनलाइन बैठक में शामिल होने के बाद जानकारी देते हुए संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने बताया कि बैठक मे कार्यरत शिक्षकों को टेट परीक्षा की बाध्यता से मुक्त करने, ऑनलाइन उपस्थिति समाप्त करने, शिक्षामित्रों, अनुदेशक को सरकारी कर्मी घोषित करने, नई शिक्षा नीति 2020 में शिक्षक विरोधी प्रावधानों को तत्काल हटाने, मृतक आश्रितों को पूर्व की भांति सीधे शिक्षक पद पर नियुक्त कर उनके सेवारत प्रशिक्षण की व्यवस्था करने आदि की मांग को लेकर देशभर के शिक्षक दिल्ली जंतर-मंतर पर धरना देंगे। मोबीन हसन ने शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली धरने में शामिल होने की अपील की है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद ( बिजनौर )

**पत्रांक 442/नि.वि./न.पा.परि./नजी.-2025** **दिनांक 4 नवम्बर, 2025**

### पुनः ई.-निविदा आमंत्रण सूचना ( तृतीय बार )

नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर) द्वारा शासन के पत्र सं. पी.एम.यू./58/427(17)/2023 लखनऊ दिनांक 21 अप्रैल, 2025 स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 1.0/राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि के अन्तर्गत निकाय को अवमुक्त प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन नगर पालिका परिषद नजीबाबाद एवं अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से नगर में स्थित विभिन्न शौचालय मरम्मत / निर्माण, गौशाला मरम्मत कार्य हेतु डबल बिड पद्धति अपनाते हुएं दिनांक 06/11/2025 से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 06/11/2025 प्रात: 09.00 से दिनांक 12/11/2025, की शाम 04.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 13/11/2025 को प्रात: 11.00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की भूलवश टकणीय/लिपिकीय त्रुटि के संशोधन के लिये उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहें। विस्तृत सूचना किसी भी कार्य दिवस पर नगर पालिका परिषद नजीबाबाद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Tender Refrance Number | 442/ET/NPPNBD/2025-26 |
| Publish Date and time for RFP | 06.11.2025 को प्रात: 09:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 12.11.2025 को दोपहर 04.00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 13.11.2025 को दोपहर 11.00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer, Office Najibabad. (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

( मुक्ता सिंह )
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नजीबाबाद।
(बिजनौर)

( इंजीनियर मुअज्जम )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नजीबाबाद।
(बिजनौर)


## बीएसपी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को डयूकेट कम्पनी का औद्योगिक भ्रमण कराया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के बीएससी कम्प्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने डयूकेट कंपनी ग्रेटर नोएडा का औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण के पहले सत्र में छात्र-छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग की महत्ता तथा वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। द्वितीय सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं ड्रोन तकनीक से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई। औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य तकनीकी जगत में लगातार हो रहे विकास से छात्र-छात्राओं को



अवगत कराना था। डयूकेट कम्पनी ग्रेटर नोएडा कम्पनी के ब्रांच मैनेजर श्री वीर सिंह, असिस्टेंट मैनेजर श्री जितेश माथुर, डाटा साइंटिस्ट एंड कॉरपोरेट ट्रेनर श्री आशुतोष हिस्किल, ड्रोन ट्रेनर श्री अभिषेक गुप्ता, मिस सपना कुशवाहा एवं र्सपोटिव स्टॉफ ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी जगत में लगातार हो रहे विकास से अवगत कराया। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन श्री मनोज कुमार ने बताया कि इस तरह के औद्योगिक दौरे छात्रों को उनके भविष्य के करियर के लिए आवश्यक ज्ञान और अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। साइंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि संस्थान छात्र-छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण समय-समय पर करवाता रहता है , जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी व व्यवसायिक ज्ञान मिलता रहे। कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष विपिन कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को आईटी उद्योग के कार्य वातावरण और प्रक्रियाओं की व्यापक जानकारी देना था। इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रो. दीपांशु जैन, सुनील राठी और मनोज आज्ञा और छात्र-छात्राओं का भरपूर सहयोग रहा।

## ग्राम किवाड़ में 24 वर्षो से लगता आ रहा रामगंगा स्नान मेला


ग्राम किवाड़ मे गंगा स्नान मेले का फीता काटते चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत भाकियू।

**स्योहारा ( चिंगारी )।** ग्राम किवाड़ में सिंबल वाले बाबा के नाम से एक दिवसीय गंगा स्नान मेला 24 वर्षो से लगातार लगता चला आ रहा है। मेले का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया आसपास के कई गांव के लोग मेले में जाते है। आसपास गांव के लोगों का कहना है जो लोग मन्नत मांगते हैं उनकी मन्नत पूरी होती है इस शुभ अवसर पर चौधरी गजेंद्र सिंह ने मेले में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जयवीर सिंह, अमित चौधरी, सोनू चौधरी, विनय त्यागी, राजेश सैनी, बंटी कुमार, योगेंद्र सिंह, गुड्डू प्रधान फैयाजुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## महिला से लूटपाट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**झालू ( चिंगारी )।** शादी में जा रही महिला से लूटपाट करने वाले ऑटो चालक सहित दो बदमाशों को पुलिस ने कुछ ही घंटों में दबोच लिया। पुलिस से हुई मुठभेड़ में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये।

बिजनौर रोडवेज बस स्टैंड पर बुधवार की रात्रि एक महिला शोभा पत्नी रोहताश सिंह निवासी ग्राम हुसमापुर थाना नौगांवा सादात जिला बिजनौर अपने दो बच्चों के साथ चांदपुर जाने के लिए बिजनौर रोडवेज बस स्टैण्ड पर बस का इंतजार कर रही थी। उसके पास टेंपो चालक दो व्यक्ति पहुंचे और उसे चांदपुर छोड़ने के लिए कहा। महिला उनकी बातों में आकर अपने बच्चों के साथ टेंपो में बैठ गयी। आरोपी दोनों युवक महिला को शॉर्टकट रास्ते के बहाने खारी-झालू से बरूकी नहर मार्ग पर ले गये, और वहां जाकर महिला से उसके पीली धातु के गहने, मोबाइल फोन व करीब 400 रुपए की नकदी लूट ली और फरार हो गये। महिला किसी तरह पास के गांव पहुंची और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर पुलिस एलर्ट मोड पर आ गयी और लुटेरों को


दोनों के पैरों में गोली लगने से लंगड़े हुये

पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया। गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर हल्दौर पुलिस ने मुकरमपुर नहर की पटरी के समीप अभियुक्तों को टेंपो में आता देख रोकने की कोशिश की तो दोनों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस ने गोली चलाई तो उसके पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। हल्दौर थाना पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के पास से महिला के पीली धातु के आभूषण, मोबाइल व नकदी बरामद की। घटना में प्रयुक्त टेंपो को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने नाम राजीव पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम छितावर थाना किरतपुर व अश्वनी शर्मा पुत्र जयकिशन शर्मा निवासी ढाकी हुसैनपूर, थाना किरतपुर बताये हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी संजय कमार, उ.नि. सुरेंद्र सिंह, उ.नि. कुलदीप सिंह , हे. कां. शक्ति सिंह, हे. कां. अमित कूमार, हे. कां. अकरम, कां. कूलदीप चौहान रहे।

## धामपुर शुगर मिल के पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल का गन्ना पेराई सत्र आज निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर शुगर मिल के अधिकारियों द्वारा पूजन में भाग लेते हुए गन्ना तौल कांटो का वैदिक विधि विधान से पूजन कराया गया। तदुपरांत बैलगाड़ी कृषक अर्जुन सिंह ग्राम सरकथलसानी, ट्रिपलर किसान उदयराज सिंह ग्राम जैतरा, ट्रॉली कृषक यशवंत सिंह ग्राम नंगला, ट्रक ड्राइवर तौशीक अहमद मझोला को मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गोयल, संयुक्त प्रबंध निदेशक ईशान गोयल, मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता आदि ने


पेराई सत्र के शुभारंभ पर चेन पुलिंग का पूजन करते हुए गौरव गोयल व ईशान गोयल।

सम्मानित किया और किसानों को मिठाई, कंबल आदि भेंट किया।

### तीन गन्ना किसानों किये गये सम्मानित

धामपुर चीनी मिल द्वारा नई शुरुआत करके गन्ने की उपज को लेकर कराई गई प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश में धामपुर शुगर मिल क्षेत्र के तीन गन्ना किसान बृजेश कुमार शर्मा, मोहित त्यागी और विनीत कुमार बंसल ने सर्वाधिक गन्ना पैदा करने का रिकॉर्ड बनाया है। गान्ना पेराई सत्र के दौरान इन तीनों को स्मृति चिन्ह देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



### यह रहे उपस्थित-

गन्ना पेराई सत्र के शुभारंभ पर श्रम अधिकारी अजय नंदन त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक अभय पांडे, गान्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष राम नारायण सिंह,एससीडीआई अमित पांडे, सचिव गन्ना समिति विनोद कुमार, डॉक्टर एनपी सिंह, भारतीय किसान यूनियन ए राजनीति के जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, कविराज सिंह, महेंद्र सिंह, हरीराज सिंह, राजेंद्र सिंह, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, डॉक्टर दीपक गोयल, जितेंद्र शर्मा बबलू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# मुजफ्फरनगर में किसान नेता ने सिंचाई विभाग के कर्मचारी को कॉलर पकड़कर कीचड़ में घुमाया

**मुजफ्फरनगर ( एजेंसी/चिंगारी )।** यूपी के मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन (BKU) के एक नेता ने सिंचाई विभाग के सींचपाल को कीचड़ भरे रास्ते पर 'परेड' कराई. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग के कर्मचारियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी BKU नेता अंकुश प्रधान के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दरअसल, बीते दिनों खतौली तहसील क्षेत्र के भूड़ गांव में रजबाहे की सफाई का काम चल रहा था। सफाई के बाद, सिंचाई विभाग ने सिल्ट (कीचड़) को रजबाहे के किनारे सूखने के लिए डाल दिया था। आरोप है कि यह सिल्ट ग्रामीणों के मकानों के गंदे पानी और कूड़े के कारण बनी थी। जब सींचपाल अरविंद कुमार मीणा कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे, तो किसान नेता अंकुश प्रधान ने विरोध किया और उन्हें कीचड़ में 'परेड' कराई। सींचपाल को कीचड़ में परेड कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया। इस घटना से नाराज सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने खतौली थाने पहुंचकर आरोपी किसान नेता अंकुश प्रधान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती पत्र दिया। जिसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर तुरंत कार्रवाई की। आरोपी नेता अंकुश प्रधान के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।

# कांग्रेस के 'बहादुरशाह ज़फ़र' बन चुके हैं राहुल गांधी- केशव मौर्य

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अब कांग्रेस के 'बहादुरशाह ज़फ़र' बन चुके हैं और पूरी पार्टी को निपटा कर ही दम लेंगे। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा बतौर कांग्रेस अध्यक्ष वे असफल रहे, लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में फेल रहे और पांच बार सांसद रहने के बावजूद जनता के बीच अपना भरोसा खो चुके हैं। अपनी लगातार नाकामी को छिपाने के लिए वे रोज़ाना कोई नया फर्ज़ी खेल रचते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का अस्तित्व दिन-ब-दिन समाप्त होता जा रहा है। जनता अब उनके भाषणों और नाटकीय बयानों से प्रभावित नहीं होती। कांग्रेस की राजनीति केवल झूठ, भ्रम और असंतोष फैलाने तक सीमित रह गई है। वहीं समाजवादी पार्टी पर टिप्पणी करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, बिहार के चुनावी पर्व में सपा बहादुर अखिलेश यादव नाहक ही अपना लट्ठ भांज रहे हैं। इस चुनाव में उनकी सपा न तीन में है और न तेरह में। उनकी पार्टी के लिए बिहार की ज़मीन पूरी तरह सूखी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अडिग विश्वास रखती है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर।

पत्रांक: 1288 /विज्ञापन/न.पा.प.नह./2025 दिनांक: 1.11.2025

## सूचना (अन्तिम प्रकाशन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर में नगर पालिका अधिनियम-1916 की सुसंगत धाराओं तथा धारा 298 सूची-1 की उपसूची 'क से त्र' तक में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण, लोक स्वास्थ्य, सार्वजनिक सुरक्षा जनहित तथा स्वच्छ भारत मिशन योजना के सुचारु रुप से क्रियान्वयन हेतु नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर की सीमान्तर्गत यूजर चार्जेज (प्रयोक्ता शुल्क) के सम्बन्ध में 'यूजर चार्जेज (प्रयोक्ता शुल्क) वठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2025' बनायी गयी है, जिसको निकाय की बोर्ड बैठक दिनांक 09.03.2024 द्वारा स्वीकृति कर समाचार पत्रों में प्रकाशित कर आपत्ति प्राप्त कर ली गयी है। प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण करते हुए नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर की बोर्ड बैठक दिनांक 10.10.2025 के प्रस्ताव सं. 05 (2) के द्वारा उपविधि लागू किये जाने की अनुमति प्रदान की थी। यह उपविधि समाचार पत्रों में प्रकाशन उपरान्त निकाय क्षेत्र में लागू की जायेगी।

**नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत यूजर चार्जेज ( प्रयोक्ता शुल्क ) व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि-2025**

1. संक्षिप्त नाम- यह उपविधि नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर की यूजर चार्जेज (प्रयोक्ता शुल्क) व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि-2025 कहलाएगी।

2. प्रसार - इसका प्रसार नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर की वर्तमान सीमा तथा आगामी वर्षों में होने वाली सीमा वृद्धि में होगा।

3. नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर की सीमा का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचना द्वारा निर्धारित नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर से है।

4. प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर के प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष से है।

5. अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद बिजनौर के अधिशासी अधिकारी से है। जो यूजर चार्जेज (प्रयोक्ता शुल्क) अधिकारी/दण्डाधिकारी होगा। अधिशासी अधिकारी उपविधि में दी गयी शक्तियों का प्रयोग स्वयं अथवा अपने सक्षम अधीनस्थ अधिकारी से करा सकता है।

6. अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वे प्रत्येक 2 वर्षों में यूजर चार्जेज का पुनरीक्षण करायेंगे। अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि चार्ज का पुनरीक्षण न हो सका तो प्रत्येक 2 वर्ष में निर्धारित चार्ज में 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए चार्ज वसूलना सुनिश्चित करायेंगे।

**यूजर चार्जेज ( प्रयोक्ता शुल्क ) की दरें:-**

| क० सं० | कृत्य | पालिका द्वारा आरोपित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका क्षेत्र में स्थित प्रति घर पर कूड़ा संग्रहण का प्रयोक्ता शुल्क/यूजर चार्ज (200 वर्ग गज से कम क्षेत्रफल वाले मकान) | रू0 30.00 प्रतिमाह |
| 2 | नगर पालिका क्षेत्र में स्थित प्रति घर पर कूड़ा संग्रहण का प्रयोक्ता शुल्क/यूजर चार्ज (200 वर्ग गज से अधिक क्षेत्रफल वाले मकान) | रू0 50.00 प्रतिमाह |
| 3 | 10 X 10 वर्ग फीट की फड़ का भूमि प्रयोक्ता शुल्क धारा-127 के अन्तर्गत | रू0 50.00 पैसा प्रति वर्ग फीट या 50.00 रू0 प्रति फड़ |
| 4 | बैंक/कार्यालय (सरकारी, अर्द्धसरकारी, प्राईवेट)/विद्यालय/महाविद्यालय आदि से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करने का प्रयोक्ता शुल्क/यूजर चार्ज | रु० 100.00 प्रतिमाह |
| 5 | रेस्टोरेन्ट/ढाबों/चाय/मिठाई/मीट की दुकान आदि से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करने का प्रयोक्ता शुल्क/यूजर चार्ज | रु० 100.00 प्रतिमाह |
| 6 | होटल/बड़े रेस्टोरेन्ट/प्रतिष्ठान/मैरिज हाल आदि से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करने का प्रयोक्ता शुल्क/यूजर चार्ज | रु० 500.00 प्रतिमाह |
| 7 | आवासीय भवन स्वामियों द्वारा खुले में कूड़ा-कचरा डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 100.00 प्रति घटना |
| 8 | दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 200.00 प्रति घटना |
| 9 | रेस्टोरेन्ट मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 10 | होटल मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 2000.00 प्रति घटना |
| 11 | बारात घर, गेस्ट हाऊस, बैंकट हाल द्वारा खुले में कचरा डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 2500.00 प्रति घटना |
| 12 | औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचरा डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 13 | अपने भवन, दुकानों पर नीले एवं हरे रंग के ढक्कनदार कूड़ेदान न रखने तथा गीले, सूखे तथा खतरनाक घरेलू कचरे को अलग-अलग एकत्रित न करने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 14 | हलवाई, चाट पकौड़ी, फास्ट फूड, आईसक्रीम, गन्ने का रस एवं अन्य जूस एवं फूड आदि ठेला व्यवसायियों द्वारा खुले में कचरा डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 15 | डेरी मालिकों द्वारा गोबर को सार्वजनिक स्थानों पर फेंकना अथवा नाला/नालियों में बहाने पर/नाले नालियों पर अतिक्रमण करने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 16 | निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलवा, सामग्री, ईट, सीमेन्ट, लोहा, पत्थर सरकारी भूमि, सार्वजनिक मार्गों/स्थल पर डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 17 | निजी ट्रैक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा, गोबर, इत्यादि परिवहन करते हुए नगर पालिका की सड़कों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 18 | सरकारी भवनों, चौराहों, तिराहों, सरकारी कार्यालयों की दीवारों व उनके गेट, सरकारी विद्युत पोल पर निजी वाणिज्यिक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर) अर्थदण्ड। | रु० 2000.00 |
| 19 | बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के रोड कटिंग करने पर तथा नाला/नाली को तोड़ने एवं क्षतिग्रस्त करने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना तथा मरम्मत चार्ज अतिरिक्त होगा। |
| 20 | अपने भवन का सैप्टिक टैंक न होने/जल प्रवाहित शौचालय न बनवाकर गन्दगी को नाली में खुले रुप में बहाने पर तथा भवन में सैप्टिक टैंक/जल प्रवाहित शौचालय होने पर भी उसे तोड़कर उसका पानी/गन्दगी को नाली में खुले में बहाने पर अर्थदण्ड। | रु० 3000.00 प्रति घटना |
| 21 | दुकानदार अथवा ठेला व्यवसायियों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकिल, बड़े वाहनों की रिपेयरिंग कर ऑयल, मिट्टी व पानी फैलाकर गन्दगी करने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 22 | मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हड्डियों, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सार्वजनिक मार्ग स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 23 | मुर्गे, मछली, अण्डे की पकौड़ी बनाकर बेचने वाले दुकानदार द्वारा मांस एवं हड्डियों, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सार्वजनिक मार्ग स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 24 | सार्वजनिक मार्ग, चौराहों व भवनों, दुकानों आदि के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, भेड़, गधा, घोड़ा, खच्चर, सूअर इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर सम्बन्धित पशु के स्वामी से। पालतू जानवरों के खुले घूमते पाये जाने पर उनको नगर पालिका परिषद, नहटौर द्वारा पकडवा कर नगर पालिका परिषद, नहटौर के कांजी हाऊस में बन्द किया जायेगा, जिनको निर्धारित जुर्माना दे कर 7 दिन के अन्दर छुडाया जा सकेगा। 7 दिन तक न छुडाने पर उक्त जानवर को जब्त कर नीलाम किया जायेगा अर्थदण्ड। | रु० 1500.00 प्रति जानवर |
| 25 | हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा सार्वजनिक मार्ग स्थल, नाला, नाली आदि में गन्दगी बाल इत्यादि डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 26 | दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा सार्वजनिक मार्ग, चौराहों, सड़क अथवा दुकानों के सामने की खाली सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 27 | सार्वजनिक मार्ग, सड़क, फुटपाथ, सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढाबा, होटल आदि चलाकर गन्दगी फैलाने पर अर्थदण्ड। | रु० 3000.00 प्रति घटना |
| 28 | विभिन्न चिकित्सकीय संस्थानों जैसे प्राईवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब इत्यादि के जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट को नगरीय ठोस अपशिष्ट में अथवा सार्वजनिक स्थान पर डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 29 | सड़क किनारे वॉशिंग मशीन लगाकर गाड़ियों की धुलाई करने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 तथा पानी का कनेक्शन काटने पर चार्ज अतिरिक्त होगा। |
| 30 | सड़क किनारे, फुटपाथ, रेलवे लाईन किनारे, सार्वजनिक मार्ग, सरकारी भूमि में खुले में शौच करने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 31 | सड़क किनारे, फुटपाथ, रेलवे लाईन किनारे, सार्वजनिक मार्ग, सरकारी भूमि में खुले में पेशाब करने पर अर्थदण्ड। | रु० 200.00 प्रति घटना |
| 32 | सड़क किनारे, फुटपाथ, सार्वजनिक मार्ग, सरकारी भूमि, सरकारी कार्यालय, सरकारी कार्यालयों की दीवारों पर थूकने, तम्बाकू, पान आदि की पीक थूकने पर अर्थदण्ड। | रु० 200.00 प्रति घटना |
| 33 | सार्वजनिक स्थल सरकारी कार्यालयों में धूम्रपान, मद्यपान करने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 34 | अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान में कूड़ादान (डस्टबिन) न रखने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 35 | मानक रहित पॉलीथीन में कूड़ा एकत्रित करने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 36 | सड़क पटरी, सार्वजनिक भूमि, सार्वजनिक मार्ग पर जनरेटर रखकर अतिक्रमण करने पर अर्थदण्ड। | |
| 36 (1) | 5 के०वी०ए० जनरेटर तक | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 36 (2) | 5 के०वी०ए० से 10 के०वी०ए० तक | रु० 2000.00 प्रति घटना |
| 36 (3) | 10 के०वी०ए० से अधिक पर | रु० 3000.00 प्रति घटना |
| 37 | नगर पालिका सीमान्तर्गत दूध विक्रेताओं द्वारा बिना नगर पालिका में पंजीकरण कराये दूध बिक्री का कार्य करने पर अर्थदण्ड। | रु० 2000.00 प्रति घटना |
| 38 | सार्वजनिक नाले, नालियों, स्थानों पर स्लैब/स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण करने तथा अवैध प्रक्षेप (छज्जा, टीनशेड आदि) डालने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 39 | नगर पालिका की सम्पत्ति, शासकीय सम्पत्तियों, भवनों, दुकानों आदि को क्षति पहुँचाने एवं पालिका की बिना अनुमति के उसमें किसी भी प्रकार का निर्माण/परिवर्तन करने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 40 | वाहन पार्किंग हेतु निर्धारित स्थान के अलावा सार्वजनिक मार्गों, चौराहों, सरकारी भूमि पर वाहन खड़ा करके अवरोध उत्पन्न करने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 41 | नॉन वेंडिंग ज़ोन में ठेला, ठेली, फड़ इत्यादि लगाकर व्यवसाय करने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 42 | नगर पालिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गो/सार्वजनिक स्थलों/निजी सम्पत्तियों आदि पर कूड़ा, प्लास्टिक की वस्तुऐं, तार, पॉलीथीन आदि जलाकर वायु में प्रदूषण करने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 43 | नगर पालिका सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के भवन निर्माण करने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 44 | नगर पालिका की बिना लिखित अनुमति के पालिका की पाइप लाइनों से जल संयोजन लेना, पाइप लाइनों में छेड़छाड़ करना/क्षति पहुँचाने पर अर्थदण्ड। | रु० 2000.00प्रति घटना |
| 45 | नगर पालिका सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के संतापकारी खतरनाक एवं आपत्तिजनक व्यापार जैसे पटाखे बनाना / बिक्री करना आदि जिससे जनसुरक्षा को खतरा हो उन पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 46 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत अपने भवन में किसी भी ऐसे व्यक्ति को किराये पर रखना जिसकी जाँच पड़ताल सक्षम अधिकारी द्वारा न की गयी हो एवं किरायेदार की सूचना पालिका को न देने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 47 | सार्वजनिक स्थलों/सार्वजनिक सम्पत्तियों/मार्गों/पार्कों पर लगे पेड़ पौधों को नुकसान पहुँचाने पर अर्थदण्ड। | रु० 2000.00 प्रति घटना |
| 48 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत उचित प्रकाश के बिना सड़क पर किसी वाहन को चलाने पर अर्थदण्ड। | रु० 200.00 प्रति घटना |
| 49 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत स्कूल, कॉलेज, विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास 100 मीटर की परिधि में बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, गुटखा, शराब आदि पदार्थों की बिक्री करने पर अर्थदण्ड। | रु० 2000.00 प्रति घटना |
| 50 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत स्कूल, कालेज, विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास अनैतिक प्रयोजन से आवारा घूमने पर अर्थदण्ड। | रु० 2000.00 प्रति घटना |
| 51 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के ज्वलनशील सामग्री का ढेर लगाने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 52 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के आवासीय क्षेत्रों में सूअर पालन, मुर्गी पालन, डेरी व्यवसाय आदि कार्य करने पर अर्थदण्ड। | रु० 5000.00 प्रति घटना |
| 53 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के निजी जल संचयन स्रोत जैसे टिल्लू पम्प, जैड पम्प, समरसेबिल पम्प लगाने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 54 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत पालतू कुत्तों के पहचान हेतु बेल्ट न बाँधने एवं वैक्सीन (एंटी रेबीज टीका) न लगवाने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00प्रति घटना |
| 55 | भवन/दुकान स्वामियों द्वारा नल की टोटी खुली पाये जाने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 56 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत पालतू कुत्तों का नगर पालिका में रजिस्ट्रेशन न कराये जाने पर अर्थदण्ड। | रु० 1000.00 प्रति घटना |
| 57 | नगर पालिका की सीमान्तर्गत किसी भी आयु के व्यक्ति द्वारा भीख माँगने का कार्य करने पर अर्थदण्ड। | रु० 500.00 प्रति घटना |
| 58 | नगर पालिका परिषद, नहटौर सीमान्तर्गत लकड़ी की टाल लगाकर सार्वजनिक मार्गों, स्थलों आदि पर अतिक्रमण करने पर अर्थदण्ड। | रु० 10000.00 प्रति घटना |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नहटौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, नहटौर**

# अन्तर्विद्यालीय स्टार क्वेस्ट प्रतियोगिता में हेड हैरिटेज एकेडमी बनी चैम्पियन

## डीएवी पब्लिक स्कूल रहा दूसरे स्थान पर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के बलभद्रपुर स्थित आईएचएमएस कॉलेज की ओर से आयोजित अंतरविद्यालयी स्टार क्वेस्ट प्रतियोगिता हेड हैरिटेज एकेडमी के नाम रही। वह 11 प्रतियोगिताओं में से चार में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता की चैंपियन बनी। जबकि दूसरे स्थान पर डीएवी पब्लिक स्कूल रही।



प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खुशी मनाती हेड हैरिटेज एकेडमी की टीम।

कालेज परिसर में आयोजित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि हर्ष विद्यामंदिर स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरिद्वार के प्राचार्य डॉ. आदित्य गौतम व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात प्रतियोगी छात्रों ने प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जूनियर मास्टर शेफ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बिना आग वाले एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन बनाए तो वेस्ट टू वॉव प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने घर में बेकार बनी चीजों से आकर्षक सजावटी सामान तैयार किया। बिजनेस क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आधुनिक व्यापार एवं प्रबंधन पर पूछे गए सवालों का बेबाकी के साथ जबाब दिया। रंग तरंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक रंगोली बनाई।

निर्णायकों द्वारा दिये गये अंकों के आधार पर जूनियर मास्टर शेफ प्रतियोगिता में ज्ञान भारती स्कूल, ब्लूमिंग वेल स्कूल और जागृति पब्लिक स्कूल, वेस्ट टू वॉव प्रतियोगिता में बाल भारती स्कूल, हेरिटेज एकेडमी और आरसीडी स्कूल बिजनेस, क्विज प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, हेरिटेज बलूनी पब्लिक स्कूल, रंग तरंग प्रतियागिता में बलूनी पब्लिक स्कूल, डीएवी और आरसीडी, इनोटेक प्रतियोगिता में हेरिटेज, डीएवी और बाल भारती स्कूल ने क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हेरिटेज, डीएवी, बलूनी, ऑन लाइन गेमिंग प्रतियोगिता में हेरिटेज, नवयुग, बाल भारती, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में हेरिटेज, नवयुग और ज्ञानभारती ने क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंस्टुमेंटल प्रतियोगिता में हेरिटेज एकेडमी के सिद्धार्थ काला ने प्रथम, जीजीआईसी कोटद्वार की खुशी और साथियों ने द्वितीय और जेपी इंटर कॉलेज के एरोन चार्लस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिंगिंग प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, जीजीआईसी कोटद्वार और हेरिटेज एकेडमी रैंप वॉक प्रतियोगिता में नवयुग पब्लिक स्कूल की छात्रा इशिका रावत, जेपी इंटर कॉलेज के जुनैद अहमद और स्कॉलर्स एकेडमी की छात्रा कुमुद द्विवेदी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिताओं में कोटद्वार के 26 विद्यालयों के 266 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया, कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक प्रबंधन सेनि. लेफ्टीनेंट कर्नल बीएस गुसाई रिटायर्ड और प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने विजेताओं और सभी विद्यालय के शिक्षकों को मैडल, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# सड़कों पर घूम रहे सांड आवारा नगर निगम दिलाये इनसे छुटकारा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम कोटद्वार के लगभग सभी वार्डों में आवारा सांडों और बेसहारा गौ वंशों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हर दिन ये सांड और आवारा गौ वंश काश्तकारों की खेती को बर्बाद करने के साथ ही आमजन पर हमलावर भी हो रहे हैं। आवारा सांडों के हमले में कई लोग घायल भी हो चुके हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए क्षेत्रीय निवासी पातीराम ध्यानी, जीके बड़थ्वाल, संजय गौड़ आदि ने बताया कि कुछ दिन पूर्व बालासौड़ निवासी पूर्व प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद नैथानी पर देवी मंदिर क्षेत्र में अचानक एक सांड ने हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उन्हें बेस अस्पताल में ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया कि क्षेत्रवासी सड़क और गली-मोहल्लों में भटकने वाले निराश्रित गोवंश और सांडों से निजात दिलाने की मांग लगातार करते आ रहे हैं, लेकिन इस संबध में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मौके पर उन्होंने नगर निगम से इन आवारा गौ वंश व सांडों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र गौरव पोखरियाल जो मेरे व मेरी पत्नी व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैं और मेरी पत्नी व मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे है और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। महेन्द्र कुमार पुत्र स्व. नेमिशरण पोखरियाल, निवासी ग्राम शिवपुर पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड

# भारत विकास परिषद की ओर से विज्ञान विषय पर गोष्ठी आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद की ओर से बद्रीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में सनातन संस्कृति के विभिन्न पक्षों एवं विज्ञान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। विचार गोष्ठी का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि नई पीढ़ी अपने संस्कारों को भूलती जा रही है। हमें नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार दिलाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्य वक्ता जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द महाराज ने कहा कि आजकल परिवारो में सामंजस्य की कमी होती जा रही है जिससे परिवार टूटते जा रहे है, इसको बचाने की जरूरत है। हमें अपने बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे वे व्यवहारिक भी बने। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमन्त्री रणनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनु गौड़ ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने परिषद द्वारा किए गए कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में सचिव प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी शर्मा, गोपाल बंसल, राजेन्द्र जखमोला, तोताराम पांथरी, अनूप बड़थ्वाल, श्रीकृष्ण सिंघानिया और विष्णु अग्रवाल सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।




बद्रीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में मंचासीन अतिथि।

# अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले तथा किरायेदारों का सत्यापन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 81 पुलिस एक्ट में चालान कर रुपये 26000 का जुर्माना ठोका गया। इंस्पेक्टर रमेश तनवार ने बताया कि बुधवार को कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अतिक्रमण और सत्यापन अभियान चलाकर 26 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई तथा 6000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा किराएदारों का सत्यापन न कराने वालो मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# राजकीय महाविद्यालय में 8 को लगेगा रोजगार मेला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लैंसडाउन व जिला प्रशासन की ओर से 8 नवंबर को कोटद्वार स्थित डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले में कोटद्वार व हरिद्वार परिक्षेत्र की औद्योगिक इकाइयां भाग लेंगी। बुधवार को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लैंसडौन से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रोजगार मेले में हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई पास, बी टेक, बी फार्मा व डी फार्मा योग्यताधारक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक व पात्र अभ्यर्थी निश्चित तिथि पर अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल व छाया प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो व सेवायोजन प्रमाण पत्र सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली
पत्रकार कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

# ढाई लाख की स्मैक के साथ वीरेन्द्र आया पुलिस के हाथ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार द्वारा नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कोटद्वार पुलिस ने सोमवार को लगभग ढ़ाई लाख रुपये की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस एवं सीआईयू की संयुक्त टीम मानपुर क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने पूर्व सूचना के आधार पर वीरेन्द्र सिंह रावत, पुत्र नंदन सिंह, निवासी मानपुर की तलाशी ली तो उसके पास से लगभग ढाई लाख रुपये बाजारी मूल्य की 8.76 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

# बैंक रिकवरी एजेंट व अधिवक्ता से मारपीट करने वाले गिरफ्तार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बैंक रिकवरी एजेंट व अधिवक्ता के साथ मारपीट करने के आरोपी चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तुरंत न पहुंचती तो बड़ी घटना हो सकती थी। गिरफ्तार एक आरोपी पर 3 वर्ष से वाहन लोन की एक भी किस्त जमा न करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार मेहरागांव निवासी अमित सिंह ने वर्ष 2022 में महिंद्रा फाइनेंस से 900000 का लोन लेकर बोलेरो वाहन फाइनेंस कराया था। लेकिन 3 वर्ष बाद भी न तो वाहन का रजिस्ट्रेशन कराया और ना ही लोन की किस्त जमा की। वाहन को कब्जे में लेने के लिए जब रिकवरी एजेंट अपने वकील के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां मौजूद चार लोगों ने एजेंट व अधिवक्ता के साथ मार्केट शुरू कर दी, सूचना मिलते ही पुलिस ने वहां पहुंचकर मारपीट पर अमादा चार लोगों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में अमित नेगी, अभिमन्यु रावत, अजय कुमार तथा ऋतुराज कुकरेती शामिल है।

# छात्रों ने गंगा नदी के संरक्षण पर जोर दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित मालिनी वैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गंगा दिवस के अवसर पर मंगलवार देर शाम को गंगा नदी के महात्म्य एवं संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीएड के छात्रों ने गंगा नदी के संरक्षण पर जोर दिया। इस अवसर पर कालेज के चेयरमैन योगम्बर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किया जा चुका है। इसलिए हम सबका दायित्व है कि हम गंगा को प्रदेषित होने से बचाएं। भारत सरकार ने भी गंगा की सफाई के लिए नमामि गंगे अभियान चला रखा है। कहा कि हमें गंगा नदी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए जन जारण अभियान चलाना होगा। तत्पश्चात छात्रों ने गंगा संरक्षण पर पेंटिंग, स्लोगन एवं निबंध प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ प्रभा जोशी, डॉ रुनुमी शर्मा और श्वेता रावत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर धामपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र राणा प्रियंकर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार

## गणमान्य लोगों को सम्मानित किया

सिंह, भाजपा धामपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राघव शरण गोयल तथा व्यापारी नेता जावेद रहमान शमसी, गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन, बीबी सुरेंद्र कौर, भाजपा धामपुर मंडल उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी के परिवार की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। धर्म प्रचार कमेटी अमृतसर से पधारे प्रचारक ज्ञानी गुरुशरण सिंह खालसा तथा नानकपुरी टांडा साहिब से पहुंचे भाई नाजर सिंह के रागी जत्थे ने गुरु वाणी विचारों तथा कीर्तन के द्वारा संगत को निहाल किया।

अतिथियों को सम्मानित करने वालों में प्रबंध समिति अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला उपाध्यक्ष, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा सह सचिव, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला कोषाध्यक्ष, सरदार गगनदीप सिंह चावला, सरदार सतमीत सिंह मनी, सरदार महेंद्र पाल सिंह सेठी, सरदार गुरु शरण सिंह मोहन, सुरजीत सिंह ज्ञानी आदि शामिल रहे।

साहिबजादा बाबा अजीत सिंह दल के संरक्षक सरदार अमरजीत सिंह सीडाना के समूचे परिवार की ओर से पिछले कई वर्षों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत विशाल लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास से हुआ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरमुख परिवारों तथा नगर के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



गुरु नानक देव की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सिख संगत।

# गंगा स्नान मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

## श्रद्धालुओं ने दीपदान किया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र स्थित रामगंगा बैराज कालागढ़/भूतपुरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा स्नान मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह होते ही श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे और जय मां गंगे के जयकारों के बीच पवित्र राम गंगा में डुबकी लगाई और गंगा की आराधना कर घर-परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर राम गंगा तट पर पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। कई श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी करवाए, जिसके बाद परिवारों ने गंगा घाट पर प्रसाद वितरित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में बच्चों ने झूलों, खिलौनों और मिठाइयों का खूब आनंद लिया। वहीं महिलाओं ने पूजा सामग्री, घरेलू सामान और श्रृंगार की वस्तुओं की खरीदारी कर मेले को और भी जीवंत बना दिया। आसपास के क्षेत्रों से आए दुकानदारों ने तरह-तरह के सामानों की दुकानों से माहौल को उत्सवमय बना दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन व स्थानीय प्रबंधन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। राम गंगा तट पर भक्तिभाव और आस्था का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला। जिसने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व आज भी जनमानस में गहराई से रचा-बसा है।



धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
खुर्शीद अंसारी 6395717199
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

# बिजनौर गुरुद्वारा में श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर गुरुद्वारा सिंह सभा, नई बस्ती बिजनौर में 24 अक्टूबर से प्रारंभ प्रभातफेरियों का सिलसिला 3 नवम्बर को समाप्त हुआ और उसी दिन गुरुद्वारा साहिब में गुरु ग्रुन्थ साहब का अखण्ड पाठ प्रारंभ हुआ, जिसका समापन 5 नवम्बर को हुआ। इससे पूर्व 4 नवम्बर की रात्रि को कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें हुजूरी रागी जत्था भाई अमरजीत सिंह एवं साथी तथा यमुनानगर से आये रागी जत्थों द्वारा गुरवानी गायन एवं गुरुनानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। अंत में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। 5 नवम्बर को अखण्ड पाठ साहिब जी की समाप्ति पर पुनः रागी जत्थों द्वारा गुरवाणी कीर्तन आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर तथा वार्ड सभासद राजवीर सिंह एडवोकेट ने गुरुद्वारा पहुंचकर सारी संगत को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी तथा गुरु साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कमेटी के प्रबंधक स. गुरजीत सिंह कालड़ा सहित स. रविन्द्र सिंह कालड़ा, स.सुरजीत सिंह डंग, स. अरविन्द पाल सिंह, स. सुरेन्द्र सिंह गुलाटी, स. इकबाल सिंह, स. रविन्द्र सिंह जौली, तरूण दीप सिंह, राजेन्द्र सिंह, सरजीत सिंह, स. जसविन्दर सिंह, जसपाल सिंह, स. सुखविन्दर सिंह, मनदीप सिंह, गगनदीप सिंह, मनेन्द्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सुरेन्द्र कौर, बबली कालड़ा, हरजिन्दर कौर, रिम्पी सब्बरवाल, जसजीत कौर, जसदीप कौर आदि ने प्रभात फेरियों में अपना विशेष योगदान दिया।





रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**गंज ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर की पावन भूमि पर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान में लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। कार्तिक गंगा स्नान मेला विदुर कुटी पर सुबह तड़के 3:00 बजे से ही गंगा के किनारे बैठे पंडो के शंखनाद करते ही लोगों ने हर हर गंगे का जय घोष कर गंगा में डुबकी लगानी प्रारंभ कर दी। हर-हर गंगे, जय मां गंगे के जय घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस वर्ष पहले की अपेक्षा सर्दी कम होने के कारण श्रद्धालुओं, बच्चों, महिलाओं ने गंगा में जमकर डूबकी लगाई तथा गंगा के किनारे बैठे पंडो को अन्न, वस्त्र ,चप्पल जूता धन आदि वस्तु दान देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस वर्ष लगभग 8 लाख श्रद्धालुओं के गंगा में स्नान किया। स्नान के पश्चात अपने-अपने तंबुओं में जाकर श्रद्धालु ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया वहीं जगह-जगह लगे भंडारों में भी श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।





## गंगा बैराज घाट पर भी श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

### इस बार बैराज पर नहीं लगा जाम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिये मध्य गंगा बैराज पर भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। असंख्य श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया और दान-पुण्य किया। जगह-जगह भण्डारे चलते रहे। महिला श्रद्धालुओं ने इस पवित्र अवसर पर अपने बच्चों का मुण्डन भी कराया। इस बार जिला प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था खासी बेहतर रही। गंगा स्नान से एक दिन पूर्व डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने मध्य गंगा बैराज का निरीक्षण कर मेले से सम्बंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। एसपी अभिषेक ने मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिये ट्रैफिक वन-वे करने की हिदायत दी थी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात वन-वे किये जाने से मेले के दौरान बैराज पर जाम नहीं लगा। जिसकी सभी ने सराहना की।



## बच्चों का मुण्डन संस्कार कराया

गंगा किनारे मुंडन संस्कार भी कराया जा रहा है। छोटे छोटे बच्चों को माता अपनी गोद में लेकर ढोल, बैंड बाजों के साथ बच्चों का मुण्डन संस्कार करा रही थी। वही मुण्डन संस्कार के समय किन्नरों की भी खूब पो बारह रही।



## गंगा स्नान को आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

गंज (चिंगारी)। कार्तिक गंगा स्नान मेले में आ रहा युवक गंज के पास हल्दौर मार्ग पर किसी अज्ञात बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में पुलिस ने जिला अस्पताल बिजनौर में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। गंज पुलिस चौकी इंचार्ज रोहताश सिंह ने बताया कि उक्त युवक की पहचान रोहित (32वर्ष) पुत्र नरपल सिंह ग्राम फ़तेह उल्ला पुर पोटा थाना हल्दौर के निवासी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रोहित के लगभग 8 वर्ष का केवल एक बेटा है।

## दारा नगर गंज में 8 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

### मेला सकुशल सम्पन्न होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने जताया आभार



बिजनौर (चिंगारी)। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने दारानगर गंज गंगा स्नान मेले के सकुशल सम्पन्न होने पर श्रद्धालुओं व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए दावा किया कि इस बार विदुर भूमि दारानगर गंज में करीब 8 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत द्वारा मेले में की गई व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रही। जिला प्रशासन व श्रद्धालुओं का पूर्ण सहयोग रहा, जिसके कारण सबकुछ सकुशल सम्पन्न हुआ।

## एसडीएम सदर की मेहनत चर्चा का विषय रही



बिजनौर (चिंगारी)। एसडीएम सदर रितु रानी ने दारानगर गंज गंगा स्नान मेला सकुशल सम्पन्न होने पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान मेले के दौरान सभी श्रद्धालुओं का प्रशासन को पूर्ण सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि रितु रानी को दारा नगर गंज गंगा स्नान मेले का मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ निभाया। रितु रानी लगातार मेले में मौजूद रहीं। महिला होने के बावजूद वे मेले में लगातार गश्त करती रहीं। उन्होंने श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने दी। रितु रानी गंगा में एसडीआरएफ की मोटर बोट से भी गश्त रहीं। उनकी मेहनत रंग लाई और मेला सकुशल सम्पन्न हुआ।

वाहे गुरु जी का खालसा वाहे गुरु जी की फतेह



सभी जनपदवासियों को
गुरु नानक देव जी दे
556वें जन्म दिवस
पर सारी संगता नूं लख-लख बधाइयां
एवं गंगा स्नान की शुभकामनाएं
सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रबंधक- श्री गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा
नई बस्ती रेलवे रोड, बिजनौर
मो. 9411949794, 9412215550, 9412115914, 9501680840, 9058272529

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( बिजनौर )**

**अधिसूचना अन्तर्गत धारा 147 ( 2 ) यू.पी. म्यू एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वाय सूचित किया जाता है कि श्री मनजीत सिंह गहलौत व कृष्ण बहादुर सिंह पुत्र श्री मंगू सिंह गहलौत नि. मौहल्ला चौहानान किरतपुर जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 850/2 स्थित मौहल्ला चौहानान द. में श्रीमती नत्थो देवी पत्नी मंगू सिंह गहलौत के नाम के स्थान पर अपने नाम सहित कृष्ण बहादुर सिंह व रामबहादुर सिह गहलौत पुत्रगण मंगू सिह गहलोत नि.गण मोहल्ला चौहानान का नाम अंकित किये जाने हेतु साक्ष्य सहित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में अपनी माता श्रीमती नत्थो देवी पत्नी मंगू सिंह गहलौत के मृत्यु प्रमाण-पत्र व तहसीलदार द्वारा प्रमाणित श्रीमती नत्थो के पारिवारिक सदस्य प्रमाण-पत्र तथा शपथकर्ता सुषमा चौहान पत्नी श्री परितोष कुमार चौहान पुत्री मंगू सिंह चौहान द्वारा उक्त सम्पत्ति में उपरोक्तानुसार नाम दर्ज करने हेतु अनापत्ति शपथ-पत्र संलग्न कर अपना नाम मन्जीत सिंह गहलौत सहित श्री कृष्ण बहादुर सिंह व रामबहादुर सिह गहलौत पुत्रगण मंगू सिंह गहलौत नि.गण मौहल्ला चौहानान का नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति आवेदन स्वत: निरस्त माना जाएगा।

विवरण:-सम्पत्ति संख्या 850/2-आवासीय) स्थित मौहल्ला चौहानान द. किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, किरतपुर**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( बिजनौर )**

**अधिसूचना अन्तर्गत धारा 147 ( 2 ) यू.पी. म्यू एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मनजीत सिंह गहलौत व कृष्ण बहादुर सिंह पुत्र श्री मंगू सिंह गहलौत नि. मौहल्ला चौहानान किरतपुर जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों / अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 852/1, 852/2, स्थित मौहल्ला चौहानान द. व 801/6 व 801/7 स्थित मौहल्ला चौहानान उ. में श्री मंगू सिह गहलौत पुत्र अमीर सिंह के नाम के स्थान पर अपने नाम सहित कृष्ण बहादुर सिंह व रामबहादुर सिंह गहलौत पुत्रगण श्री मंगू सिह गहलौत नि. गण मौहल्ला चौहानान का नाम अंकित किये जाने हेतु साक्ष्य सहित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में अपने पिताजी श्री मंगू सिंह गहलौत के मृत्यु प्रमाण-पत्र व तहसीलदार द्वारा प्रमाणित श्री मंगू सिंह गहलौत के पारिवारिक सदस्य प्रमााण-पत्र तथा शपथकर्ता सुषमा चौहान पत्नी श्री परितोष कुमार चौहान पुत्री मंगू सिंह चौहान द्वारा उक्त सम्पत्ति में उपरोक्तानुसार नाम दर्ज करने हेतु अनापत्ति शपथ-पत्र संलग्न कर अपना नाम मनजीत सिंह गहलौत सहित श्री कृष्ण बहादुर सिंह व रामबहादुर सिह गहलौत पुत्रगण मंगू सिंह गहलौत नि.गण मौहल्ला चौहानान किरतपुर तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर का नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिर्वतन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति आवेदन स्वत: निरस्त माना जाएगा।

विवरण:-सम्पत्ति संख्या सम्पत्ति सं. 852/1, 852/2, स्थित मौहल्ला चौहानान द. व 801/6 व 801/7 स्थित मौहल्ला चौहानान उ. व्यावसायिक)।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, किरतपुर**

**आवश्यकता है**

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है।( घरेलू कार्य के लिये )
सम्पर्क करें- 8191819148

**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव
2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार ( दिन/रात शिफ्ट )
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना
होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747




Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

ATHER
बिजनौर में खुल गया है
इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम



Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901